
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# डॉ सुब्बैया के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग

## एबीवीपी कार्यालय का घेराव करने जा रहे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को रोका

**फूंका पुतला**



**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

देहरादून। राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एस सुब्बैया द्वारा महिला उत्पीड़न के विरोध में करनपुर स्थित एबीवीपी के प्रदेश कार्यालय का घेराव करने जाते हुए कार्यकर्ताओं को रोक लिया और वहीं पर बैरीकैडिंग् पर धरना देने के बाद पुतला फूंककर धरने को समाप्त किया।

एनएसयूआई के कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष मोहन भंडारी के नेतृत्व में डीएवी पीजी कॉलेज में इकटठा हुए और वहां से प्रदर्शन करते हुए करनपुर स्थित एबीवीपी के प्रदेश कार्यालय जाने लगे तो पुलिस ने करनपुर चौक पर बैरीकैडिंग लगाकर सभी कार्यकर्ताओं को रोक दिया, उसके बाद एनएसयूआई कार्यकर्ता वहीं धरने पर बैठ गए और इस दौरान जमकर नारेबाजी करने लगे। इस अवसर पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एबीवीपी का पुतला फूकने के बाद धरना समाप्त किया व डॉ सुब्बैया के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की।

इस अवसर पर मोहन भंडारी ने कहा कि जिस प्रकार से एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुब्बैया पर एक महिला द्वारा उत्पीड़न का कैसे दर्ज करवाया गया है, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें डॉ सुब्बैया अश्लील हरकतें करते हुए देखे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी बीजेपी, आरएसएस व एबीवीपी ऐसी मानसिकता वाले व्यक्ति पर कार्यवाही करने के बजाय उसका बचाव कर रहे हैं जो की निंदनीय है।

इस अवसर पर एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष मोहन भंडारी ने कहा कि इस प्रकार की मानसिकता वाले व्यक्ति को संगठन के शीर्ष पद से नवाजा गया है, उसका बचाव भी किया जा रहा है और पुलिस प्रशासन पर कार्यवाही ना करने का दबाव भी बनाया जा रहा है जो की शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि यह साफ है को आरएसएस,बीजेपी और एबीवीपी इस प्रकार की मानसिकता वाले लोगो को शरण देता है। उन्होंने कहा कि इस मामले में शीघ्र ही कार्यवाही की जानी चाहिए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पुलिस प्रशासन पर एफआईआर दर्ज ना करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसे संगठन द्वारा कार्य किया जा रहा है जो कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान को मात्र चुनाव प्रचार के लिए ही प्रयोग करते हैं ऐसे लोगो पर तत्काल कार्यवाही की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शीघ्र कार्यवाही न होने पर एनएसयूआई इस मामले में अपने आंदोलन को जारी रखेगी।

इस अवसर पर धरने व पुतला फूंकने वालों में प्रदेश अध्यक्ष मोहन भंडारी, मोहित रावत, विनीत प्रसाद भट्ट, प्रदेश महासचिव आयुष गुप्ता, जिलाध्यक्ष देहरादून सौरभ ममगांई, संदीप नेगी जिला अध्यक्ष चमोली, समीर अंसारी, अभिषेक डोबरियाल, हिमांशु रावत,आकाश आजाद आदि अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### कोरोना पाजिटिव एसएसबी जवान की रास्ते में हुई मौत

**संवाददाता** पिथौरागढ़। चार दिन से जिले के बीडी पांडे अस्पताल में भर्ती एसएसबी जवान की हालत बेहद नाजुक होने से मौत हो गई। जवान कोरोना से पीडित था। जवान कुछ दिनों पहले जम्मू कश्मीर से बटालियन लेकर पिथौरागढ़ पहुंचा था। जवान एसआई के तौर पर कार्यरत था। जवान का नाम मनमोहन सिंह है जो 44 साल के थे। देर रात सीने में दर्द होने के कारण जिला अस्पताल से हल्द्वानी सुशीला तिवारी रेफर किया गया था। वही जिला मुख्यालय से 15 दूर पनार के पास जवान की मौके पर मौत हो गई। जिले में कोरोना से यह पहली मौत का मामला है।

### 327 आपदा पीड़ितों का हुआ निशुल्क चेकअप

**संवाददाता** पिथौरागढ। सीमांत के बंगापानी के टांगा व गैला गांव के आपदा प्रभावितों के लिए एनएचपीसी धौलीगंगा पावर स्टेशन द्वारा आपदा प्रभावितों के लिए स्वास्थ शिविर चलाया गया। जिसमें करीबन 327 परिवारों के प्रभावितो का स्वास्थ परीक्षण किया गया। इस दौरान एनएचपीसी के महाप्रबंधक टिकेशवर मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि पावर स्टेशन द्वारा पीड़ितों को हर संभव मदद दी जायेगी।

### सिर्फ रेफर सेंटर बन कर रह गया जिला अस्पतालः त्रिवाल

**संवाददाता** हरिद्वार। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के जिला उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंघल के नेतृत्व में खस्ता हाल हो चुके स्वास्थ्य विभाग और सत्ता के नशे में चूर प्रदेश सरकार को जगाने के लिए व्यापारियों ने मजबूर होकर शंख व घण्टे घड़ियाल बजाकर इनके खिलाफ प्रदर्शन कर जगाने का प्रयास किया। गोरक्षनाथ व्यापार मण्डल के पूर्व अध्यक्ष संजय त्रिवाल ने कहा कि जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को अब ग्रहण लग चुका है।

### ओरिएंट बेल लिमिटेड ने जर्म–फ्री टाईल प्रस्तुत किया

**संवाददाता** देहरादून। टाईल निर्माण व्यवसाय में एक भरोसेमंद नाम ओरिएंट बेल लिमिटेड आपके लिए जर्म–फ्री टाईल लेकर आया है। सामाजिक दायित्व वाली कंपनी ओरिएंट बेल को महसूस हुआ कि बीमारी करने वाले जर्म्स के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए यह समय इन टाईल्स को प्रस्तुत करने के लिए उपयुक्त है। स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बनाए रखने के इस दौर में घर ही वह स्थान है, जहां पर व्यक्ति सुकून व आराम चाहता है। ओरिएंट बेल की जर्म–फ्री टाईल्स को स्वास्थ्य के संकट से जूझ रही दुनिया में उपभोक्ताओं की जरूरत को ध्यान में रखकर डिजाईन किया गया है।

# संक्रमण बढ़नें से व्यापारियों में जेपी कंपनी को लेकर आक्रोश

**संवाददाता** पुरोला। मोरी में कोरोना संक्रमण बढने से जंहा लोगों में दहशत का माहोल है वहीं व्यपार मंडल में जेपी कंपनी–सतलुज परियोजना की लापरवाही को लेकर लोगों में आक्रोश है। बढ़ते कोरोना संक्रमण को लेकर मोरी व्यापार मंडल व प्रतिनिधियों की बैठक में चिंता व्यक्त कर एसडीएम सोहन सिंह सैनी माध्यम डीएम को ज्ञापन भेज कर लाकडाउन बढानें की मांग की। व्यापारियों,प्रतिनिधियों ने बैठक में 15 दिनों के लिए आवश्यक सेवाओं को छोड़ व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद रखने का ऐलान किया।

बैठक में जेपी कंपनी व सतलुज जल विद्युत कंपनी पर कोरोना संक्रमण के लिए लापरवाही व दोषी होने का आरोप लगाया। ज्ञापन में कहा गया कि मोरी क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि कठिन भौगोलिक व विषम परिस्थितियों वाले क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आपातकालीन उपकरण तो दूर कोविड–19 सैंपलिंग कलेक्शन तक कि व्यवस्था प्रशासन नही कर पा रहा है तथा सैंपलिंग लिए इतने दुर्गम क्षेत्र से जिला अस्पताल जाना पड़ रहा है।

व्यापारियों ने स्वास्थ्य विभाग व स्थानीय प्रशासन व क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए मोरी पीएचसी में ही डॉक्टर्स टीम भेज कर सैंपलिंग कलेक्शन करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि जेपी एवम सतलुज जलविद्युत में बाह्य राज्यों से अधिकारी व कर्मचारियों का आवागमन निरंतर रहता है जो भी मजदूर आये है उन्हें कवारेंटिंन करने की बजाय सीधे कार्य पर लगाया गया जिसके चलते यंहा के स्थानीय मजदूरों पर में भी कोरोना संक्रमित होने का खतरा मंडरा रहा है।



**इन्हें नहीं कोरोना का हर**

**संवाददाता** देहरादून। जहां देश और राज्य में कोरोना के माललों में रिकॉर्ड उछाल मार रहा है। वहां राजधानी में स्थित पलटन बाजार में समाजिक दूरी के नियम की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

# मुंसयारी के जोशा गांव में चार परिवारों ने ली टेंट में शरण

**संवाददाता**

**पीने को पानी तक नहीं हो रहा नसीब**

पिथौरागढ़। सीमांत तहसील मुंसयारी क्षेत्र के जोश गांव में भी आपदा का कहर जमकर बरपा है। बता दें कि जोशा गांव में जारी लगातार भूस्खलन के चलते 38 परिवार खतरे की जद में है। वही चार पविारों ने तो टेट लगाकर शरण ली है। कुछ परिवार स्कूलों में शरण लिये हुए है।

जानकारी के मुताबिक सीमांत तहसील मुंसयारी के बंगापानी के टांगा व गैला गांव में आसमानी आफत बरसने के बाद क्षेत्र के जोशा गांव में भी बीते दिनों आपदा कहर जमकर बरपा है। पहाड़ी दरकने से काफी नुकसान भी हुआ है। क्षेत्र के चार परिवारों पर संकट के बादल मंडराने शुरू हो गये है। अब तक प्रशासन द्वारा इन लोगों के लिए कोई मदद के इंतजाम नही किये गये है। गांव में पेयजल लाइन ध्वस्त होने की वजह से पीने के लिए पानी तक नही नसीब हो पा रहा है। क्षेत्र के ग्रम प्रधान राकेश रोशन ने बताया कि गांव में बीते 18 जुलाई की रात्रि से जारी भारी बारिश के चलते काफी तबाही मची है। उनका कहना है कि गांव के ग्रमीणों द्वारा मौके पर क्षेत्र के आपदा प्रबंधन और प्रशासन को इस बारे में सूचना दे दी गई। मगर अब तक प्रशासन ने उनकी कोई सुध नही ली है। गांव को जोड़ने वाले तमाम संपर्क मार्ग बंद हो चुके है। जोशा सड़क को बंद हुए दस दिन से भी ज्यादा तक का समय बीत चुका है। जोशा से ही वाया मदकोट होते हुए बाजार को जाना पड़ता है। मगर मदकोट जाने के लिए रास्ता तक नही है।

गांव में अब तक खतरे की जद में आये चार परिवारों जिनमें जोहार सिह पुत्र अमर सिह,हर्ष सिह पुत्र दान सिह और खगेन्द्र सिह पुत्र हर्ष सिह सहित अन्य परिवार ने टैंट लगाकर शरण ली है। वही इनके जानवर खुले आसमान के नीचे है। गांव में पीने को पानी तक नही है। ग्रमीणों को नाले का पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। वही ऐसे हालातों में इनके बीमार पड़ने की ज्यादा संभावना नजर आ रही है।

### वाहनों की आवाजाही रोकने व खनन बंद करने की मांग

**संवाददाता** डोईवाला। किसान कांग्रेस कमेटी ने बरसात को देखते हुए दूधली सड़क पर भारी खनन एवं वाहनों की आवाजाही रोकने व खनन को बंद करने के लिए उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

इस अवसर पर किसान कांग्रेस डोईवाला के अध्यक्ष उमेद बोरा ने बताया कि दूधली सड़क पर भारी भरकम खनन के वाहन चलने से एक माह पूर्व बनी सड़क टूटने के साथ ही कई जग गहरे गढढे बन गये है जिससे दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है और साथ ही बरसात का सीजन भी है और इसे देखते हुए खनन पर रोक लगनी अति आवश्यक है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में खनन कार्य हो रहा है वह मानक के अनुरूप हो रहा है या नहीं इसकी भी जांच की जाये। ज्ञापन में कहा गया कि बरसात के चलते सड़क न टूटे इसलिए तत्काल प्रभाव से खनन बंद किया जाये, अन्यथा इसके लिए आंदोलन किया जायेगा। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में उमेद बोरा, महेश कुमार लोधी आदि शामिल थे।